संसद सदस्यों ने महात्मा गाँधी और श्री लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धांजलि दी

नई दिल्ली, 2 अक्तूबर, 2014 : प्रधान मंत्री, श्री नरेंद्र मोदी; लोक सभा अध्यक्ष श्रीमती सुमित्रा महाजन; सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री, श्री प्रकाश जावड़ेकर; संसद सदस्य, श्रीमती सोनिया गांधी; संसद सदस्यों और पूर्व संसद सदस्यों ने आज महात्मा गाँधी और श्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर संसद भवन के सदस्य अध्ययन कक्ष में उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी ।

लोक सभा के महासचिव, श्री पी.के.ग्रोवर और राज्य सभा के महासचिव, श्री शमशेर के. शेरिफ ने भी महात्मा गाँधी और श्री लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धासुमन अर्पित किए । इस अवसर पर विशिष्टजनों को लोक सभा सचिवालय द्वारा हिन्दी और अंग्रेजी में प्रकाशित महात्मा गाँधी और श्री लाल बहादुर शास्त्री के जीवनवृत्त वाली पुस्तिकाएं भेंट की गई ।